| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
| --- | --- | --- |
| 27/12/26 | पत्रावली पेश हुई। उपरोक्त धारा 251 (B) RT Act अपील विरुद्ध अपीलार्थीगण स्वीकार किया जाता है। विस्तृत निर्णय पृथक से लिखवाया जाकर शामिल पत्रावली किया गया। पत्रावली नियमानुसार [illegible] हेतु दाखिल दफ्तर हो। आदेश उद्घोषित गया।<br>(हस्ताक्षर)<br>उपखण्ड अधिकारी<br>करौली (राज०) | |

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी करौली(राज0)

## पीठासीन अधिकारी प्रेमराज मीना, उपखण्ड अधिकारी, करौली

मु0न0:—68 / 22 तारीख रजु:—21.12.22

**उनवान**

1. रंगी उम्र 50 साल पुत्र स्वरूप
2. नन्दराम उम्र 40 साल पुत्र स्वरूप
3. शीशराम उम्र 35 साल पुत्र स्वरूप
4. सेठ उम्र 32 साल पुत्र स्वरूप
5. भंती उम्र 60 साल पत्नी स्वरूप
6. अमरसिंह उम्र 47 साल पुत्र झींगुरिया
7. जलसिंह उम्र 33 साल पुत्र झींगुरिया
8. भज्जू उम्र 30 साल पुत्र झींगुरिया
9. रामकेश उम्र 28 साल पुत्र झींगुरिया
10. रामनिवास उम्र 50 साल पुत्र झींगुरिया
11. सरदार उम्र 29 साल पुत्र झींगुरिया
12. रामश्री उम्र 60 साल पत्नी झींगुरिया
13. गिर्राज उम्र 60 साल पुत्र जगदीश
14. दिनेश उम्र 30 साल पुत्र खेमा
15. धनपाल उम्र 32 साल पुत्र खेमा
16. बृजलाल उम्र 40 साल पुत्र खेमा
17. मनीराम उम्र 28 साल पुत्र खेमा
18. राजेश उम्र 26 साल पुत्र खेमा
    सभी जाति माली निवासी हकीमपुरा, तहसील मासलपुर
19. बृजवाई उम्र 42 साल पुत्री खेमा पत्नी राजू जाति माली निवासी ग्राम—ऊंचा गॉव, तह0 मासलपुर
20. ममता उम्र 32 साल पुत्री खेमा पत्नी पिन्टू जाति माली निवासी रामपुर धाबाई, तह0 करौली
21. छगन उम्र 50 साल पुत्र चिम्मन
22. परसू उम्र 55 साल पुत्र चिम्मन
23. लीला उम्र 50 साल पत्नी रामबाबू
24. अशोक उम्र 30 पुत्र रामबाबू
25. संजू उम्र 28 साल पुत्र रामबाबू
26. रेखा उम्र 32 साल पत्नी नरसी (पुत्र रामबाबू)
27. शंयक उम्र 3 साल पुत्र नरसी जरिये बली कुदरती मॉं रेखा
28. ऋषिबाई उम्र 2 साल पुत्री नरसी जरिये बली कुदरती मॉं रेखा सभी जाति माली निवासी हकीमपुरा, तहसील मासलपुर
29. कैलाशी उम्र 35 साल पुत्री रामबाबू पत्नी दिनेश
30. शारदा उम्र 29 साल पुत्र रामबाबू पत्नी सतीश
    जाति माली निवासी केशवपुरा, करौली तह0 करौली

—प्रार्थीगण

उपखण्ड अधिकारी
करौली (राज0)

## बनाम

1. देवीलाल उम्र 60 साल पुत्र परसादी
2. विजयसिंह उम्र 58 साल पुत्र परसादी
3. प्रीतम उम्र 55 साल पुत्र परसादी
4. राजवीर उम्र 52 साल पुत्र परसादी
5. हजारी उम्र 65 साल पुत्र परसादी
   सभी जाति माली निवासी हकीमपुरा, तहसील मासलपुर
6. बिन्दाबाई उम्र 54 साल पुत्री परसादी पत्नी तोरिंह जाति माली निवासी खेड़ा राजगढ, तह0 मासलपुर
7. मुकेश उम्र 41 साल पुत्र भौरीलाल
8. विनोद उम्र 32 साल पुत्र भौरीलाल
9. मनोज उम्र 22 साल पुत्र भौरीलाल
10. लीला उम्र 62 साल पत्नी भौरीलाल
    सभी जाति माली निवासी हकीमपुरा, तहसील मासलपुर
11. अंगूरी उम्र 45 साल पत्नी भगवानसिंह
12. हरवेजी उम्र 43 साल पत्नी सुआलाल
13. आशा उम्र 37 साल पत्नी केदार
14. माया उम्र 34 साल पत्नी शिवनारायण
    सभी जाति माली निवासी काछीपुरा, तह0 करौली
15. हेमा उम्र 22 साल पत्नी जीतेन्द्र जाति माली निवासी करसौली वाड, तह0 हिण्डौन सिटी जिला करौली
16. रामधन उम्र 58 साल पुत्र छिंगा
17. बच्चूसिंह उम्र 33 साल पुत्र रामरूप
18. हरकेश उम्र 23 साल पुत्र रामरूप
19. गया उम्र 65 साल पत्नी रामरूप
    सभी जाति माली निवासी हकीमपुरा, तहसील मासलपुर
20. धर्मबाई उम्र 40 साल पुत्र रामरूप पत्नी भागवत
21. शिमला उम्र 35 साल पुत्री रामरूप पत्नी केदार
    जाति माली निवासी गूलरघटा, तह0 करौली
22. दिनेशबाई उम्र 32 साल पुत्री रामरूप पत्नी बीरबल
23. दौला उम्र 25 साल पुत्री रामरूप पत्नी विजेन्द्र
    जाति माली निवासी ऊंचा गांव, तह0 मासलपुर
24. रामप्रसाद उम्र 55 साल पुत्र हरिराम
25. रामसहाय उम्र 50 साल पुत्र हरिराम
    सभी जाति माली निवासी हकीमपुरा, तहसील मासलपुर
26. चरनबाई उम्र 54 साल पुत्र हरिराम पत्नी हरी
27. सुआबाई उम्र 52 साल पुत्री हरिराम पत्नी हरि
    जाति माली निवासी महू भांकरी तह0 करौली
28. गणेश उम्र 35 साल पुत्र खिलाडी
29. भगवानसिंह उम्र 38 साल पुत्र खिलाडी
30. रूपसिंह उम्र 50 साल पुत्र खिलाडी
31. शिवसिंह उम्र 33 साल पुत्र खिलाडी
32. सुआदेवी उर्फ सुआबाई उम्र 65 साल पत्नी खिलाडी उर्फ रामखिलाडी
    सभी जाति माली निवासी हकीमपुरा, तहसील मासलपुर

उपखण्ड अधिकारी
करौली (राज0)

33. पुष्पा उम्र 50 साल पुत्री खिलाडी पत्नी रमेश जाति माली निवासी बगनपुरा तह0 करौली
34. कमरसिंह उम्र 35 साल पुत्र भंवर
35. कृपालसिंह उम्र 28 साल पुत्र भंवर
36. बबनसिंह उम्र 30 साल पुत्र भंवर
37. सुशीला उम्र 50 साल पत्नी भंवर
सभी जाति माली निवासी हकीमपुरा, तहसील मासलपुर
38. सुनीता उम्र 25 साल पुत्री भंवर पत्नी विजय जाति माली निवासी पदेवा, तह0 करौली
39. सियाराम उम्र 50 साल पुत्र बाबू
40. गौरीलाल उम्र 40 साल पुत्र बाबू
41. सूकी उम्र 65 साल पत्नी बाबू
42. हाबूरी उम्र 52 साल पुत्री बाबू
सभी जाति माली निवासी हकीमपुरा, तह0 मासलपुर
43. सीताबाई उम्र 45 साल पुत्री बाबू पत्नी बाबू जाति माली निवासी डूंडापुरा, तह0 करौली
44. भूरो उम्र 35 साल पुत्री बाबू पत्नी लक्ष्मण
45. गुड्डी उम्र 33 साल पुत्री बाबू पत्नी कैलाश
जाति माली निवासी खेडा भूतबाडी, तहसील मासलपुर
46. वासुदेव उम्र 40 साल पुत्र रामकिशन
47. समयसिंह उम्र 38 साल पुत्र रामकिशन
48. सदनसिंह उम्र 36 साल पुत्र रामकिशन
49. रामपाल उम्र 34 साल पुत्र रामकिशन
50. सूकी उम्र 60 साल पत्नी रामकिशन
51. राजन्ती उम्र 55 साल पुत्री रामकिशन पत्नी कल्याण
52. रेखा उम्र 40 साल पुत्री रामकिशन पत्नी मुरारी
53. दुलारी उम्र 47 साल पुत्री रामकिशन पत्नी मानसिंह
54. हसनबाई उम्र 42 साल पुत्री रामकिशन पत्नी रूपसिंह जाति माली निवासी काछीपुरा सीलोती, तह0 मासलपुर
55. हीराबाई उम्र 50 साल पुत्री रामकिशन पत्नी लक्ष्मी जाति माली निवासी बरखेडा नदी के पास, करौली
56. सुकुमारी उम्र 38 साल पुत्री रामकिशन पत्नी भंवर जाति माली निवासी डहर, तह0 करौली
57. बाबू उम्र 60 साल पुत्र लौहरे
58. हरीलाल उम्र 35 साल पुत्र बाबू जाति माली निवासी डूंडापुरा, तह0 करौली
59. कैलाशी उम्र 22 साल पुत्री बाबू पत्नी सत्तो
60. ममता उम्र 20 साल पुत्री बाबू पत्नी बबलू जाति माली निवासी पदेवा, तह0 करौली

उपखण्ड अधिकारी
करौली (राज0)

—अप्रार्थीगण

—::प्रार्थना पत्र तहत धारा 251 (ए) आर टी एक्ट 1955 के तहत::—

**—::निर्णय::—** दिनांक – 27.02.2026

संक्षिप्त में प्रकरण के तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थीगण की खातेदारी की कृषि भूमि आराजी खसरा नं0 249, 252/493, 257, 258, 261, 262, 263, 276 कुल किता 8 कुल रकवा 1.6566 हैक्टेयर वाके ग्राम लैदोरकलां तहसील मासलपुर में स्थित है, जिसका हमेशा से रास्ता भूमि खसरा नं0 233, 237, 238, 239, 248 में से होकर खसरा नं0 250 की मेड के सहारे–सहारे चला आ रहा हैं। प्रार्थीगण हमेशा से इस रास्ते का अपनी कृषि भूमि पर आवागमन के लिए व कृषि कार्य हेतू ट्रेक्टर–ट्रॉली व अन्य आवश्यक संसाधन लाने व ले जाने के लिए उपयोग–उपभोग करते चले आ रहे हैं। प्रार्थीगण को इस रास्ते के अलावा अपनी कृषि भूमि पर आने–जाने के लिए अन्य कोई रास्ता उपलब्ध नही है। उक्त रास्ता को प्रार्थना पत्र के साथ सलंग्न नश्शा में बरंग सुर्ख मार्क ए से बी व मार्क बी से सी दर्शाया गया है, जो कदीमी (पुरातन) रास्ता है। नक्शा बरंग सुर्ख मार्क ए से बी 12 फुट का रास्ता वर्तमान में है, जो सी0सी0 रोड है। नक्शा बरंग सुर्ख मार्क बी से से रास्ता हमारा मौके पर है, रिकॉर्ड में नही है। नक्शा बरंग सुर्ख मार्क बी से सी रास्ता हमारा मौके पर है, रिकार्ड में नही है। नक्शा बरंग सुर्ख रास्ता मार्क ए से बी व मार्क बी से सी का हम प्रार्थीगण हमेशा से अपनी खातेदारी की जमीनों पर पैदल आने–जाने, कृषि कार्य हेतू ट्रेक्टर–ट्रोली व अन्य आवश्यक संसाधन लाने व ले जाने के लिए उपयोग–उपभोग करते चले आ रहे है। अन्य कोई रास्ता नही है। रास्ते की जमीन के लिए 10 फुट चौडाई के रास्ते की आवश्यकता है। हम प्रार्थीगण को अपनी खातेदारी की जमीन के कृषि कार्य हेतू व आवागमन हेतु रास्ते की आवश्यकता है। सभी अप्रार्थीगण हमारी जमीन के कृषि कार्य हेतु हमें व ट्रेक्टर–ट्रोली व अन्य आवश्यक संसाधन लाने व ले जाने में व्यवधान उत्पन्न करते हैं, रास्ते से निकलने नही देते हैं। जबकि यह रास्ता नक्शा बरंग सुर्ख मार्क ए से बी 12 फुट का रास्ता वर्तमान में है, जो सी0सी रोड है तथा नक्शा बरंग सुर्ख मार्क बी से सी खसरा नं0 250 की मेड के सहारे–सहारे होकर चला आ रहा हैं। इसलिए हम प्रार्थीगण द्वारा विधिवत तौर पर रास्ते की भूमि की स्वीकृति दिये जाने के लिए प्रार्थना पत्र धारा 251 (ए) आर0टी0 एक्ट 1955 के तहत पेश किया जा रहा है।

खसरा नं0 249 रकवा 0.2909 हैक्टेयर, खसरा नं0 252/493 रकवा 0.0253 हैक्टेयर, खसरा नं0 257 रकवा 0.2276 हैक्टेयर, खसरा नं0 258 रकवा 0. 1518 हैक्टेयर, खसरा नं0 261 रकवा 0.3667 हैक्टेयर, खसरा नं0 262 रकवा 0.1644 हैक्टेयर, खसरा नं0 263 रकवा 0.2529 हैक्टेयर, खसरा नं0 276 रकवा 0.1770 हैक्टेयर कुल किता 8 कुल रकवा 1.6566 हैक्टेयर वाके ग्राम लैदोरकलां, तहसील मसलपुर जिला करौली अप्रार्थीगण की भूमि का खसरा नं0:– खसरा नं0 233 रकवा 1.0117 हैक्टेयर, खसरा नं0 237 रकवा 0.7461 हैक्टेयर, खसरा नं0 238 रकवा 0.7714 हैक्टेयर, खसरा नं0 239 रकवा 0.6323 हैक्टेयर, खसरा नं0 248 रकवा 1.2141 हैक्टेयर में से होकर खसरा नं0 250 रकवा 0.4300 हैक्टेयर की मेड के सहारे–सहारे 10 फीट चौडाई का आम रास्ता सीमेन्टेड प्रार्थीगण को अपनी कृषि भूमि में आवागमन हेतु एवं कृषि यंत्र ट्रेक्टर–ट्रोली के आवागमन हेतु रास्ता चाहा गया है जिसको नक्शा मे बरंग सुर्ख मार्क ए से बी व मार्क बी व सी से दर्शाया गय है , जिसमें से नक्शा बरंग सुर्ख मार्क ए से बी वर्तमान में 12 फुट का रास्ता है, जो सी0सी0 रोड नक्शा बरंग सुर्ख मार्क बी से सी रास्ता जो हमारा मौके पर है रास्ता ए सी सी नही है, को रास्ता हेतु आवेदन के द्वारा मांग किया गया है जिसकी स्वीकृति, आदेश प्रार्थीगण के पक्ष में न्यायालय श्रीमानजी द्वारा दिया जाना न्यायोचित व आवश्यक है। प्रार्थीगण उचित दर से रास्ता फीस नियमानुसार अदा करने को तैयार है एवं न्यायालय के आदेश की पालना करने हेतु तैयार है एवं रास्ता श्रीमानजी द्वारा दिया जाना न्यायोचित व आवश्यक हैं। अतः प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र पेश कर निवेदन है कि प्रार्थना पत्र स्वीकार कर खसरा नं0 233, 238, 239, 248 में से होकर रास्ता नक्शा बरंग सुर्ख मार्क ए से बी व खसरा नं0 250 के मेड के सहारे–सहारे होकर रास्ता नक्शा बरंग सुर्ख मार्क बी से सी 10 फीट चौडाई का वाके ग्राम लैदोरकलां, तहसील मासलपुर जिला करौली में नियमनुसार रास्ता स्वीकृति/आदेश प्रदान किये जाकर राजस्व रिकार्ड मे हम प्रार्थीगण की खातेदारी की कृषि भूमि खसरा नं0 249, 252/493, 257, 258, 261, 262, 263, 276 किता 8 रकवा 1.6566 हैक्टेयर वाके ग्राम लैदोरकलां, तहसील मासलपुर, जिला करौली के लिए रास्ता स्वीकृति/आदेश प्रदान किये जाने के आदेश प्रदान करें। अंत रास्ता दिलाये जाने बाबत निवेदन किया है।

उपखण्ड अधिकारी
करौली (राज0)

दावा सायलान दर्ज रजिस्टर किया जाकर गैरसायलान के जरिये सम्मन तलब किया गया। गैरसायलान बावजूद तामील उपस्थित नहीं होने के कारण गैरसायलान नंबर 5, 11 लगायत 14, 16 लगायत 32 के विरूद्ध एवं अप्रार्थी नंबर 15 के विरूद्ध दिनांक 2.2.2024 को एकपक्षीय कार्यवाही के आदेश दिये गये एवं अप्रार्थी नंबर 1 ता 4, 6, 8 ता 10 की ओर से जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर दिनांक 31.7.2025 को जवाब प्रार्थना पत्र बंद किया गया।

तहसीलदार, मासलपुर डीएलसी दर एवं मौका रिपोर्ट मय नक्शा तलब की गई। जो दिनांक 26.02.2026 को प्राप्त होने पर शामिल पत्रावली की गई।

बहस वकील सायल सुनी गयी। पत्रावली का अवलोकन किया गया एवं पत्रावली में प्रस्तुत मौका रिपोर्ट तहसीलदार, मासलपुर दिनांक 18.02.2026 व डीएलसी दर प्रमाणित प्रति का अवलोकन किया गया। प्रकरण में निम्न तीन बिन्दु विचारणीय है:–

1. रास्ते की अत्यांतिक आवश्यकता है।
2. वैकल्पिक रास्ते का अभाव।
3. नया मार्ग निकटतम/लघुत्तम रूट से हो।

वकील प्रार्थीयान का बहस में कथन है कि प्रार्थीयान को रास्ते की अति आवश्यकता है। अन्य कोई वैकल्पिक रास्ता प्रार्थीयान की भूमि के आवागमन के लिए उपलब्ध नहीं है। प्रार्थना पत्र में दर्ज रास्ते का उपयोग आवागमन के लिए करते चले आ रहे है। इसलिए प्रार्थना–पत्र प्रार्थीयान स्वीकार किया जाकर रास्ता स्वीकृत किया जावे।

बहस वकील प्रार्थीयान का मनन किया गया एवं उक्त उपर दर्ज तीनों बिन्दुओं के संबंध में तहसीलदार, मासलपुर की रिपोर्ट का अवलोकन किया गया जिसमें उन्होंने प्रार्थीयान के पास चाहे गये रास्ते के अलावा अन्य कोई वैकल्पिक रास्ता नहीं है और नक्शा में दर्ज चाहा गया रास्ता निकटतम एवं लघुत्तम रूट से है और चाहे गये रास्ते की प्रार्थियान को अत्यधिक आवश्यकता है। मार्क ऐ से बी से सी रास्ता की लम्बाई खसरा नंबर 238 में 68 मीटर चौडाई 4 मीटर, खसरा नंबर 239 में लम्बाई 65 मीटर चौडाई 4 मीटर, खसरा नंबर 270 में लम्बाई 70 मीटर चौडाई 4 मीटर, खसरा नंबर

करौली (राज०)

250 में लम्बाई 42 मीटर चौडाई कुल किता 4 कुल लम्बाई 245 मीटर कुल चौडाई 4 मीटर है। जिसका रकबा 0.098 है0 है एवं डीएलसी दर से राशि 97216/– रूपये बनती है। प्रार्थियान द्वारा प्रार्थना पत्र के साथ प्रस्तुत नक्शा नजरी में दर्शित मार्क ए से बी बरंग सुर्क रास्ता की स्वीकृति दिया उचित प्रतीत होता है। प्रार्थना–पत्र प्रार्थीयान स्वीकार किय जाने योग्य है।

**–::आदेश::–**

अतः प्रार्थना–पत्र प्रार्थियान विरूद्व अप्रार्थीयान स्वीकार किया जाता है। प्रार्थीयान को आराजी खसरा नंबर 238 में 68 मीटर चौडाई 4 मीटर, खसरा नंबर 239 में लम्बाई 65 मीटर चौडाई 4 मीटर, खसरा नंबर 270 में लम्बाई 70 मीटर चौडाई 4 मीटर, खसरा नंबर 250 में लम्बाई 42 मीटर चौडाई कुल किता 4 कुल लम्बाई 245 मीटर कुल चौडाई 4 मीटर है। जिसका रकबा 0.098 है0 है एवं डीएलसी दर से राशि 97216/– रूपये बनती है जिसकी तीन गुनी राशि 291648/– रूपये उक्त आराजीयात के खातेदारान के हिस्सानुसार खातेदार के नाम डी.डी. तैयार कराकर तहसीलदार, मासलपुर को जमा कराने पर तहसीलदार, मासलपुर उक्त राशि का भुगतान अप्रार्थीयान को कर रास्ता का राजस्व रिकॉर्ड जमाबंदी व नक्शा शीट में खसरा नंबर 249, 252/493, 257, 258, 261, 262, 263, 276 कुल किता 8 कुल रकबा 1.6566 है0 वांके ग्राम लैदोरकला तहसील मासलपुर को प्रार्थीयान के कृषि आवागमन को अंकन 07 दिवस में करें। तहसीलदार, मासलपुर की रिपोर्ट क्रमांक भू.अभि/2026/1807 दिनांक 18.02.2026 मय नक्शा निर्णय का भाग रहेगा। उक्त स्वीकृत रास्ता भूमि केवल रास्ते के लिए ही सार्वजनिक उपयोग के लिए रहेगी। निर्णय की प्रमाणित प्रति पालनार्थ को तहसीलदार, मासलपुर को भिजवायी जावे। खर्चा पक्षकारान अपना–अपना वहन करेंगे।

**निर्णय आज दिनांक 27.02.2026 को खुले न्यायालय में लिखाया जाकर सुनाया गया ।**

(प्रेमराज मीना)
उपखण्ड अधिकारी,
करौली।